श्रीमान् विशेष लिपिक

राजस्थान सरकार

T.D.R का है तामील होकर संलग्न है
T.D.R द्वारा जांच रिपोर्ट हेतु लिखा जाकर
विलोपित करवाया जावे

( कायदा – 129 )

जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

2024/452

| किस्म मुकदमा<br>1 | नंबर मुकदमा<br>2 | तारीख दायर<br>3 | तारीख फैसला<br>4 | पेशी दिनांक<br>5 |
|---|---|---|---|---|
| 251 A (1)<br>प्रार्थना-पत्र | 277/24<br><br>277/24 | 02/12/24 | जांच रिपोर्ट प्राप्त | 31/12/24<br>28/1/25<br>11/2/25<br>19/2/25<br>4/3/25<br>18/3/25<br>24/3/25<br>1/4/25<br>02/4/25 |

अनवान

श्री मैसर्स महादेव एंटरप्राइजेज ग्राम आरूण जरिये पार्टनर मदनलाल सोनी वगैरह
निवासी वार्ड नं. 3 आरूण (भीलवाड़ा)

श्री श्रीमान तहसीलदार महोदय
निवासी बिजौलियां

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी /अपीलान्ट

अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी / रेस्पोंडेंट

डिक्रीदार

मदयून

श्री मुकेश कुमार धाकड़

श्री TDR

# FORM NO. III

## फर्द अहकाम

(नियम 26)

आज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजौलियां

मसी/भाई तोली बनाम श्रीमान तहसीलदार साहब

किस्म मुकदमा 251(A) नम्बर 277 /2024

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 2/12/2024 | प्रार्थना पत्र सीधे से बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हो। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 30/12/2024 को पेश हो।<br>उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां | |
| 30/12/24 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान P.O. सा दौरे पर है। पत्रावली दिनांक 28/1/25 को वास्ते तलबी पेश हो।<br>उप खण्ड अधिकारी | |
| 28/1/25 | पत्रावली पेश हुई पत्रावली में विपक्षी की बाद तामील प्राप्त हुई जिसे शामिल पत्रावली किया गया। विपक्षी की ओर से पैरोकार सरकार उपस्थित। पत्रावली में TDR बिजौलिया को जांच रिपोर्ट बाबत तहरीर जारी होकर पत्रावली आगामी दिनांक 11/02/25 को पेश हो | |
| 11/2/25 | पत्रावली पेश हुई पत्रावली वास्ते उ रिपोर्ट (TDR) आगामी दिनांक 19/02/25 को पेश हो। | |
| 19/2/25 | पत्रावली पेश हुई अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान P.O. सा दौरे पर है। पत्रावली दिनांक 4/3/25 को वास्ते R. TDR पेश हो।<br>उप खण्ड अधिकारी | |

| | |
|---|---|
| 04/3/25 | पत्रावली पेश हुई पत्रावली वास्ते इ. रिपोर्ट (TSR) आगामी दिनांक 18/3/25 को पेश हो |
| 18/3/25 | पत्रावली पेश हुई तहसीलदार से प्राप्त रिपोर्ट शामिल पत्रावली की गई। वास्ते बहस / निर्णय आगामी दिनांक 24/3/25 को पेश हो |
| 24/3/25<br>स्वीकार है.<br>24-3-2025 | पत्रावली पेश हुई तहसीलदार बिजौलिया की रिपोर्ट को प्रार्थी अधिवक्ता ने स्वीकार किया गया। पत्रावली वास्ते निर्णय आगामी दिनांक 01/4/25 को पेश हो<br>**उप खण्ड अधिकारी**<br>**बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा** |
| 01/4/25 | पत्रावली पेश हुइ। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान् P.O. सा. दौरे पर हैं। प्रत्रावली दिनांक 2/4/25 को वास्ते निर्णय पेश हो।<br>उपखण्ड अधिकारी |
| 2/4/25 | पत्रावली पेश हुई पत्रावली में आदेश पारित किए गए। तहसीलदार बिजौलियाँ को पालनार्थ लिखा जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर, नम्बर से कम होकर, दाखिल दफ्तर हो<br>**उप खण्ड अधिकारी**<br>**बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा** |

राजस्थान सरकार

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)

पीठासीन अधिकारी : – श्री अजीत सिंह राठौड़ (RAS)

ापत्र संख्या :– 277/2024 दायर तारीख 02/12/2024

**अनवान**

1. मैसर्स महादेव एंटरप्राइजेज ग्राम आटूण जरिये पार्टनर मदन लाल सोनी पुत्र रामचन्द्र सोनी जाति सोनी उम्र 56 वर्ष निवासी वॉर्ड नम्बर 03 आटूण तहसील एवं जिला भीलवाड़ा
2. मैसर्स महादेव एंटरप्राइजेज ग्राम आटूण जरिये पार्टनर शिव कुमार पुत्र रतनलाल जाति स्वर्णकार उम्र 52 वर्ष निवासी बिजौलिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा
3. मैसर्स महादेव एंटरप्राइजेज ग्राम आटूण जरिये पार्टनर सॉवरिया पुत्र कालूलाल जाति गुर्जर उम्र 26 वर्ष निवासी नाथड़ियास पोस्ट खैराबाद तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा

............प्रार्थीगण

**बनाम**

01. राजस्थान सरकार जरिये भूमिधारी तहसीलदार बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा।

........................... विपक्षी

उपस्थित :– 1. श्री मुकेश धाकड़ ...............अधिवक्ता प्रार्थीगण।
2. पैरोकार सरकार ................अधिवक्ता विपक्षी।

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए (1) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

**–:निर्णय:–**

दिनांक :–02/04/2025

प्रकरण के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीगण द्वारा जरिये धिवक्ता श्री मुकेश धाकड़ ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए (1) राजस्थान काश्तकारी धिनियम 1955 विरूद्ध विपक्षी तहसीलदार बिजौलियां पेश कर निवेदन किया/अनुतोष चाहा । प्राथीगण के स्वामित्व की खातेदारी बिजौलियां खुर्द पटवार हल्का बिजौलियां खुर्द में तहसील जौलियां की खातेदारी कृषि भूमि खाता संख्या 964 पर अंकित आराजी संख्या 2268/311 कबा 0.3237 हैक्टेयर किस्म गैमु भटवेड कुल किता 01 रकबा 0.3237 हैक्टेयर भूमि स्थित हैं, नस पर आने जाने के लिए 30 फीट चौड़ा खसरा 310 गेमु रास्ता से बिलानाम आराजी खसरा ख्या 311 रकबा 10.4571 हैक्टेयर में से होता हुआ प्रार्थी की खातेदारी आराजी खसरा संख्या 268/311 में प्रवेश करता है। जिसे संलग्न नजरी नक्शे में अ से ब से दर्शाया गया है। विपक्षी ी उक्त भूमि आराजीयात में से होकर गुजरने वाला रास्ता राजस्व रिकॉर्ड एवं नक्शे में तरमीम हीं होने से प्रार्थी को उक्त रास्ते के उपयोग उपभोग में एवं भविष्य में विपक्षी की उक्त भूमि न्य को आवंटन की स्थिति में उक्त रास्ते के अवरूद्ध होने का अंदेशा बना रहता है। इस कारण प्रार्थीगण/आवेदकगण अपनी खातेदारी आराजी में आने जाने के उक्त 30 फीट चौड़े रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज एवं नक्शे में तरमीम कराना चाहता हूं। प्रार्थीगण के पास उक्त रास्ते के अलावा अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध नहीं है। यह कि प्रार्थीगण विपक्षीगण की उक्त आराजीयात पर स्थित 30 फीट चौड़े रास्ते को रिकॉर्ड में लेने के बदले में तय किये जाने वाला सरकारी मूल्य के आधार मुआवजा भुगतान को तैयार है।

अतः श्रीमान् से निवेदन है कि उक्त प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तावित रास्ते को नियमानुसार कायम करवा कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज अभिलेख कराया जाने का आदेश फरमावें।

लगातार पेज संख्या 02 पर

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियां जिला-भीलवाड़ा

र्थनापत्र दिनांक 02.12.2024 को दर्ज रजिस्टर करवाया जाकर विपक्षीगण तलबी जरिये नोटिश मय नकल प्रार्थनापत्र भेज रवाई गई । तहसीलदार बिजौलियां की बाद तामील प्राप्त हुई जिसे शामिल पत्रावली किया गया । विपक्षी की और से रोकार सरकार उपस्थित । तहसीलदार बिजौलियां को स्थल निरिक्षण/मौका रिपोट/तथ्यात्मक रिपोर्ट के लिए तहरीर दिनांक 1.01.2025 को जारी की गई तहसीलदार बिजौलियां से स्थल रिपोर्ट क्रमांक/राजस्व/2025/452 दिनांक 18.03.2025 से मय का रिपोर्ट, नकल जमाबन्दी मय नक्शा ट्रेस प्राप्त हुई जिसे शामिल पत्रावली किया गया। तहसीलदार बिजौलियां ने अपनी थल निरिक्षण रिपोर्ट में अंकित किया कि:–

भू.अ.नि. बिजौलियां खुर्द एवं पटवारी हल्का बिजौलियां खुर्द की रिपोर्ट अनुसार ग्राम बिजौलियां र्द की आराजी संख्या 2268/311 रकबा 03237 हैक्टर भूमि मैसर्स महादेव एन्टरप्राइजेज ग्राम आटूण जरिये पार्टनर मदनलाल नी पुत्र रामचन्द्र सोनी हिस्सा 7/10 जाति सोनी सा. आटूण , पार्टनर शिवकुमार पुत्र रतनलाल हिस्सा 1/4 जाति स्वर्णकार ा. बिजौलिया पार्टनर सांवरिया पुत्र कालुलाल 1/20 जाति गुर्जर सा. नाथडियास पोस्ट खैराबाद के नाम पर खातेदारी से र्ज रिकॉर्ड है प्रार्थीगण राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज रास्ता आराजी नम्बर 310 से स्वयं की खातेदारी भूमि आराजी नम्बर 2268/311 कबा 0.3237 हैक्टेयर में पहुचने के लिए बिलानाम आराजी नम्बर 311 रकबा 10.4571 हैक्टेयर में से होता हुआ दक्षिणी मेंड र पहुचने के लिए 30 फीट चौड़ाई का रास्ता संलग्न नक्शा ट्रेस अनुसार दर्ज करना चाहते हैं। उक्त प्रस्तावित रास्ते की भूमि मौके पर खाली होकर पड़त है। प्रस्तावित रास्ते की भूमि खनिज संभावित/खनिज स्वीकृत क्षेत्र से 250 मीटर से अधिक दूरी र स्थित है। तथा आबादी व सड़क से 01 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित है। रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि के अलावा उक्त खातेदारी भूमि आराजी नम्बर 2268/311 रकबा 0.3237 हैक्टेयर भूमि पर पहुचने हेतु अन्य कोई नजदीकी व वैकल्पिक रास्ता हीं है। उपस्थित प्रार्थीगण व मौतबिरान ने उक्त प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किये जाने में कोई आपत्ति जाहिर हीं की है। उक्तानुसार रिकॉर्ड में रास्ता दर्ज किए जाने पर प्रस्तावित रास्ते की भूमि 0.0860 हैक्टेयर भूमि बनती है।

ग्राम बिजौलियां खुर्द की रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि आराजी नम्बर 311 रकबा 10.4571 हैक्टेयर में से 0.0860 हैक्टेयर भूमि की डी.एल.सी. दर 780300/– रूपये प्रति हैक्टेयर से भूमि की मालियत 67106/–रूपये का दुगुना से 134212/– रूपये की राशि बनती है। अतः मौका रिपोर्ट, नकल जमाबन्दी मय नक्शा ट्रैस श्रीमान् की सेवा में सदर प्रेषित है। प्रार्थीगण के अधिवक्ता ने तहसीलदार बिजौलियां से प्राप्त स्थल निरिक्षण रिपोर्ट को स्वीकार किया एवं पत्रावली पर हस्ताक्षर किए। पैरोकार सरकार एवं अधिवक्ता प्रार्थी की बहस सुनी गई।

प्रार्थीगण द्वारा पेश प्रार्थना पत्र एवं प्रस्तुत साक्ष्य एवं तहसीलदार बिजौलियां की मौका रिपोट/स्थल रिपोर्ट का अध्ययन करने एवं पैरोकार सरकार एवं अधिवक्ता प्रार्थी की बहस सुनने एवं तहसीलदार बिजौलियां से प्राप्त जांच रिपोर्ट का अध्ययन करने के पश्चात् आदेश पारित किए जाते हैं कि:–

## –:आदेश:–

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए(1) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 प्रार्थीगण के पक्ष में स्वीकार किया जात है कि प्रार्थीगण के स्वयं की खातेदारी ग्राम बिजौलियां खुर्द पटवार हल्का बिजौलियां खुर्द भू.अभि.क्षेत्र बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलियां के खाता संख्या 964 में अंकित खसरा नम्बर 2268/311 रकबा 0.3237 हैक्टेयर भूमि कुल खसरा 01 क्षेत्रफल 0.3237 हैक्टेयर भूमि में स्वयं के पैदल , मोटर साईकल, ट्रेक्टर, बैलगाड़ी से आने जाने के लिए रास्ते हेतु विपक्षी/राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार बिजौलियां की बिलानाम ग्राम बिजौलिया खुर्द पटवार हल्का बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलियां की आराजी संख्या 311 रकबा 10.4571 हैक्टेयर में से 0.0860 हैक्टेयर भूमि कुल किता 01 कुल रकवा 10.4571 हैक्टेयर भूमि मे से 0.0860 हैक्टेयर भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में गैर मुनकीन रास्ता (रास्ता पगडंडिया) अभिलिखित करने के आदेश दिये जाते हैं। तहसील बिजौलियां राजस्व रिकॉर्ड में गैर मुनकीन रास्ता दर्ज करें।

प्रस्तावित रास्ते की ग्राम बिजौलियां खुर्द की रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि आराजी नम्बर 311 रकबा 10.4571 हैक्टेयर में से 0.0860 हैक्टेयर भूमि की डी.एल.सी. दर 780300/– रूपये प्रति हैक्टेयर से भूमि की मालियत 67106/–रूपये का दुगुना से 134212/– रूपये की राशि बनती है। बतौर मुआवजा भुगतान योग्य हैं। प्रार्थीगण द्वारा उक्त राशि जमा कराने पर नियमानुसार रास्ता राजस्व अभिलेख में रास्ता अभिलिखित किया जावें। पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियां को लिखा जावें।

आदेश आज दिनांक 02/04/2025 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखवाया गया। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर फैसल शुमार हो।

(अजीत सिंह राठौड़ )
**उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां**